दिनांक—18.10.2024 समय—7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- भोपाल—कानपुर इकोनोमिक कॉरिडोर को फोर लेन बनाने के लिये केन्द्र सरकार ने दी मंजूरी, मुख्यमंत्री ने जताया आभार।
- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एनडीए के मुख्यमंत्रियों की हुई बैठक। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव हुए शामिल।
- प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीटों के लिये आज से नामांकन प्रक्रिया की होगी शुरूआत।
- भोपाल में आयोजित खनन कॉन्क्लेव का आज होगा समापन।

सड़क परियोजना

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदेश में भोपाल—कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4—लेन में अपग्रेड करने के लिए भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से चौका और चौका से कैमाहा के लिए 3 हजार 589.4 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश सरकार ने अपने संकल्प पत्र के तहत बुंदेलखंड विकास पथ की घोषणा की थी, जो भोपाल को बुंदेलखंड के सागर और छतरपुर जिलों से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण 4—लेन सड़क परियोजना है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा इस मार्ग को 4—लेन में विस्तारित करने की प्रक्रिया पहले से जारी थी, लेकिन कुछ हिस्सों के लिए मंजूरी लंबित थी। कल नई दिल्ली में आयोजित बैठक में भोपाल से सागर और छतरपुर से उत्तर प्रदेश सीमा तक इस मार्ग को 4—लेन में अपग्रेड करने की अनुमति दी गई है। साथ ही मंडला से नैनपुर तक 46 किलोमीटर लंबे मार्ग को अपग्रेड करने के लिए भी 592 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का इन सौगातों के लिए आभार माना है।

प्रधानमंत्री—मुख्यमंत्री सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एनडीए देश की प्रगति और गरीबों तथा वंचितों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कल चंडीगढ़ में एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप—मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि बैठक में सुशासन और लोगों के जीवन—स्तर को बेहतर बनाने पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में संविधान का अमृत महोत्सव मनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में एनडीए के 17 मुख्यमंत्रियों और 18 उप—मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में छह संकल्प पारित किये गये। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस बैठक में शामिल हुए।

रीवा एयरपोर्ट

रीवा एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को बनारस से वर्चुअली रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। रीवा में लोकार्पण समारोह की तैयारियाँ तेजी से की जा रही हैं। चोरहटा हवाई पट्टी का विस्तार करके रीवा एयरपोर्ट का निर्माण किया गया है। यहां 72 सीटर हवाई जहाजों का आवागमन शुरू होगा जिससे रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य के उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, उपचार सुविधा तथा अन्य क्षेत्रों में विकास के नये अवसर मिलेंगे। साथ ही देश के ऊर्जा केन्द्र सिंगरौली, सीमेंट हब सतना और सीधी, मैहर, मऊगंज आदि जिलों के निवासियों को भी देश के प्रमुख स्थलों से हवाई मार्ग से जुड़ने की सुविधा मिल जाएगी।

इंडिया केम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुंबई में इंडिया केम 2024 में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन की थीम "एडवांटेज भार इंडियन केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स पेविंग द फ्यूचर" है। इस अवसर पर 13वीं द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा सहित केन्द्र सरकार और अनेक राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। मुंबई में 17–19 अक्टूबर तक हो रहे सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा केद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, सहित कई उद्योगपति इसमें हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री प्रदर्शनी सभागार में एमपी पवेलियन भी देखेंगे।

शिवराज – किसान

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में किसानों, किसान संगठनों और उनके सदस्यों तथा विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। श्री चौहान ने कहा कि किसानों के साथ खेती से जुड़े कई मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा हुई। उन्होंने किसानों को रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के कल के निर्णय के साथ ही सरकार द्वारा किए गए सभी प्रयासों की जानकारी दी। किसान संगठनों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और रचनात्मक सुझाव दिए।

मछली पालन–डिंडोरी

डिंडोरी जिले की रयपुरा गांव की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है। महिलाओं ने एक बार फिर अपनी प्रसिद्धि राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाई है। महिलाओं ने गांव के तालाब का बेहतर उपयोग कर मछली पालन का व्यवसाय शुरू किया और अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही हैं।

उपचुनाव

प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीटो पर उप चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। 25 अक्टूबर तक नाम–निर्देशन पत्र भरे जाएंगे। इनकी संवीक्षा 28 अक्टूबर को होगी और 30 अक्टूबर तक नाम–निर्देशन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 13 नवम्बर को एवं मतगणना 23 नवम्बर को होगी। इस बीच दोनों सीटों पर चुनाव के लिए तैयारियां जारी है। सीहोर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में कल उप निर्वाचन के लिए बैठक आयोजित कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि सीहोर जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र में 363 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। क्षेत्र में वर्तमान में 2 लाख 76 हजार 591 मतदाता हैं।

विजयपुर विधानसभा के लिए नामांकन फार्म एसडीएम कार्यालय में आज से भरे जायेगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल ने जनपद पंचायत परिसर में आयोजित बीएलओ की बैठक में कहा कि मतदान केन्द्र की व्यवस्थाएं चॉक–चौबंद कर ली जायें तथा स्वीप गतिविधियों के तहत बीएलओ मतदान केन्द्र अंतर्गत घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित करें।

खनन कॉन्क्लेव

भोपाल में चल रहे माईनिंग कॉन्क्लेव का दूसरा दिन है। आज समापन सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि खनन कॉन्क्लेव के परिणाम ऐतिहासिक होंगे। कॉन्क्लेव में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर होने वाली चर्चा के परिणाम भावी रणनीति के निर्माण की नींव रखेंगे। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय खनिज कॉन्क्लेव में होने वाले मंथन से निकलने वाला अमृत मध्यप्रदेश के साथ ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। कॉन्क्लेव के विषयों में खनिज अन्वेषण, खनिज प्रसंस्करण, नवीन तकनीकों के उपयोग और पर्यावरण सुरक्षा शामिल है। इसमें आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंसी और मशीन लर्निंग आधारित डिजिटलाइजेशन जैसे विषय भी चर्चा में शामिल है। कॉन्क्लेव का कल मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शुभारंभ किया था।

भारत और न्यूजीलैंड क्रिकेट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच जारी क्रिकेट मैच का आज तीसरा दिन है। न्यूजीलैंड अपनी पहली पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 180 रन से आगे खेलेगा। कल भारत की पहली पारी केवन 46 रनों पर सिमट गई थी। न्यूजीलैंड के पास अभी 134 रनों की बढ़त है।

महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप

महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में, दक्षिण अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में पहुंच गई है। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल आज न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जायेगा। यह मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। इस मैच के विजेता का सामना रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- सिवनी जिले की लखनादौन में ट्रैक्टर ट्रॉली के हाई टेंशन लाइन के चपेट में आने से 3 लोगों की करंट लगने से मृत्यु पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है। साथ ही मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं।
- पन्ना जिले मे सकरिया हवाई पट्टी का कल शुभारंभ हुआ । पूर्व कैबिनेट मंत्री और पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने इसका लोकार्पण किया। इससे अब पन्ना में भी हवाई सेवा की सुविधा मिल सकेगी।
- धार जिले में सोयाबीन के उपार्जन को ध्यान में रखते हुए खरीदी में गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने हेतु जिले में पदस्थ राजस्व एवं सहकारिता विभाग के अमले को आज जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुख्यालय में प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- आगरमालवा में कल कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग और कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न फसलों में उर्वरक प्रबंधन, बीज उपचार के महत्व की जानकारी के साथ एवं उर्वरक प्रबंधन के बारे में तकनीकी जानकारी दी गई।

....................................